# पारकिनसंज की संक्षिप्त भूमिका

PARKINSON'S UK

CHANGE ATTITUDES. FIND A CURE. JOIN US.



A quick introduction to Parkinson’s

Hindi




यदि हाल ही में आपका अपना या किसी परिचित व्यक्ति का निदान किया गया है तो आपके पास शायद बहुत सारे प्रश्न होंगे और शायद कुछ चिंताएं भी। यहीं से पारकिनसंज यूके की भूमिका आरंभ होती है।

हम यूके में पारकिनसंज की सहायक और शोध चैरिटी हैं। हम, एक इलाज ढूँढने और पारकिनसंज से ग्रस्त सभी लोगों के जीवन को सुधारने के प्रति प्रतिबद्ध हैं। हम विभिन्न प्रकार की जानकारी और सहायता प्रदान करते हैं जिसमें विशेषज्ञ कर्मचारी और नर्स, एक निःशुल्क गोपनीय हेल्पलाइन, हमारी वेबसाइट और 360 से अधिक स्थानीय समूह शामिल हैं।




पारकिनसंज संक्रामक नहीं है और साधारणतः यह परिवारों में पीढ़ी दर पीढ़ी नहीं चलता। अधिकांश लोगों के लिए, पारकिनसंज से उनका अनुमानित जीवन काल प्रभावित नहीं होता। हमें अभी तक यह नहीं पता है कि लोगों को पारकिनसंज क्यो होता है।


किसी व्यक्ति को कौनसे लक्षण होंगे और वे कितनी जल्दी जल्दी विकसित होंगे यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति के बीच भिन्न होंगे। यद्यपि वर्तमान में इसका कोई इलाज नहीं है, फिर भी बहुत सारे लक्षणों को संभालने के लिए विभिन्न प्रकार की दवाइयाँ और इलाज उपलब्ध हैं।

सोनिया




500 में से लगभग एक व्यक्ति को पारकिनसंज है। अर्थात, यूके में लगभग 127,000 व्यक्ति। जिन लोगों को पारकिनसंज होता है उनमें से अधिकांश की आयु 50 वर्ष या उससे अधिक है परंतु अल्पवयस्क लोगों को भी यह दशा हो सकती है।

अधिकांश लोगों का निदान 55 से 74 वर्ष के बीच होता है परंतु 20 में से एक व्यक्ति का निदान 40 वर्ष से कम आयु में किया जाता है।




लोगों को पारकिनसंज इसलिए होता है क्योंकि उनके मस्तिष्क में डोपामीन नामक एक केमिकल (रसायनिक तत्व) बनाने वाली स्नायु कोशिकाएं नष्ट हो चुकी हैं। डोपामीन की कमी का अर्थ है कि गतिविधियों को नियंत्रित करने में लोगों को कठिनाई हो सकती है।

पारकिनसंज के कारण कुछ लोगों के हाथ और शरीर कांप सकते हैं। इसके कारण खाना खाने, तैयार होने, फोन या कंप्यूटर का प्रयोग जैसे दैनंदिन कार्यों को करना अधिक कठिन हो सकता है और उनसे अधिक निराशा हो सकती है।




कोलमडोर, सुहाग और खदिजा

पारकिनसंज से ग्रस्त लोगों को आसानी से चलने फिरने में कठिनाई हो सकती है और प्रायः मांसपेशियों में अकड़न आ जाती है। कभी कभी चलते फिरते समय वे अचानक से ‘जम जाते हैं’ (हिल नहीं पाते) – ऐसा लगता है कि मानो उनके पैर मिट्टी में अटक गए हैं और हिल नहीं पा रहे हैं। बांह और हाथ भी ‘जम’ सकते हैं जैसे मानों वे भूल ही गए हों कि उन्हें क्या करना है।

और पारकिनसंज केवल मात्र गतिविधि को ही प्रभावित नहीं करती। इस दशा से प्रभावित लोगों के दैनंदिन जीवन पर दर्द, अवसाद, और याददाश्त संबंधी समस्याएं और आत्मसंयम संबंधी समस्याओं का बड़ा असर पड़ सकता है।




लक्षणों को संभालने के लिए विभिन्न प्रकार की दवाइयाँ उपलब्ध हैं। हालांकि कुछ लोगों को दवाइयों से मदद मिलती है परंतु दूसरों के पर शायद इसका कोई असर न हो। कुछ लोगों को अधिक बड़ी खुराक या विभिन्न दवाइयों के मिश्रण की आवश्यकता हो – कुछ को शायद अल्प खुराक परंतु अधिक प्रायः दवाइयों को लेने की आवश्यकता हो।

जैसे जैसे समय बीतता जाता है कुछ लोगों को शायद अपनी दवाइयों को बदलने की जरूरत हो। उनके लक्षणों पर निर्भर करते हुए कुछ लोगों के लिए शल्य चिकित्सा (सर्जरी) एक विकल्प हो सकती है। फिजीयोथेरपी (भौतिक चिकित्सा), बोली और भाषा, और आक्यूपेशनल थेरपी से भी मदद मिल सकती है।




किसी व्यक्ति पर पारकिनसंज का प्रकार प्रति दिन बदल सकता है और शायद एक घंटे से दूसरे घंटे के बीच भी परिवर्तन हों – एक दिन जो लक्षण नजर आएं वे शायद अगले दिन किसी समस्या का कारण ही न बनें।

यद्यपि कभी कभी जीवन कठिन हो सकता है फिर भी पारकिनसंज से ग्रस्त बहुत सारे व्यक्ति सक्रिय और संतोषप्रद जीवन व्यतीत करना जारी रखते हैं।




यदि हाल ही में आपका अपना निदान किया गया है या अधिक जानना चाहते हैं तो हमारी पुस्तिकाएं, *पारकिनसंज और आप, पारकिनसंज के साथ जिंदगी गुज़ारना* या *देखभालकर्मी से संबंधित गाइड*, पर नज़र डालें।

ऑर्डर करने के लिए, **parkinsons.org.uk/publications** पर जाएं, **0845 121 2354** पर कॉल करें या **resources@parkinsons.org.uk** पर ईमेल करें

हमारे द्वारा प्रदान की जाने वाली जानकारी और सहायता के बारे में अधिक जानने के लिए **parkinsons.org.uk** देखें या **0808 800 0303** पर कॉल करें और एक दुभाषिये की सेवा भी उपलब्ध है – इसमें हमारे यूके भर में जानकारी और सहायता कर्मी और स्थानीय नेटवर्क के समूह शामिल हैं।

## हर घंटे, यूके में किसी को बताया जाता है कि उन्हें पारकिनसंज है। चूंकि हम यहाँ हैं इसलिए किसी को भी अकेले पारकिनसंज का सामना करने की आवश्यकता नहीं है।

हम पारकिनसंज से ग्रस्त लोग, उनके देखभालकर्मी और परिवारों को हमारे स्थानीय समूहों, वेबसाइट और निःशुल्क गोपनीय हेल्पलाइन द्वारा एक साथ जोड़ते हैं। विशेषज्ञ नर्स, हमारे सहायक और कर्मचारी वर्ग आपको पारकिनसंज के हर पहलू के बारे में जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान कर सकते हैं।

यूके में पारकिनसंज की सहायक और शोध चैरिटी होने के नाते हम इसका इलाज ढूँढने के कार्य का नेतृत्व कर रहे हैं और अब हम पहले से कई गुना अधिक अपने लक्ष्य के करीब हैं। रवैयों को बदलने के लिए और अधिक बेहतर सेवाओं की मांग करने के लिए हम अभियान भी चलाते हैं।

हमारा काम पूरी तरह से अनुदानों पर निर्भर है। इसका इलाज ढूँढने और पारकिनसंज से प्रभावित हर व्यक्ति के जीवन को सुधारने के लिए हमारी सहायता करें।

## पारकिनसंज यूके

निःशुल्क* गोपनीय हेल्पलाइन **0808 800 0303**
टेक्स्ट रीले **18001 0808 800 0303**
सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9 बजे से रात के 8 बजे तक, शनिवार सुबह 10 बजे से दोपहर के 2बजे तक। दुभाषिये की सेवा उपलब्ध।

*यूके की लैंडलाइन और अधिकांश मोबाइल नेटवर्क से किए गए कॉल निःशुल्क हैं।

**parkinsons.org.uk**
**hello@parkinsons.org.uk**

The Helplines Association Member Quality Standard

The Information Standard Certified member

पिछली बार इसका नवीकरण मई 2012 में किया गया। अगला नवीकरण मई 2014 में उपलब्ध होगा।
L001H

**This resource is supported by The Medtronic Foundation and we are grateful for their generous gift. Our supporters don't have any input into the content of our publications.**

**इस प्रकाशन में मेडट्रोनिक फाउंडेशन द्वारा सहायता दी गई है और हम उनके उदार उपहार के लिए आभारी हैं। हमारे सहायता करने वालों का हमारे प्रकाशनों की सामग्री में कोई योगदान नहीं होता है।**

©पारकिनसंज यूके, जुलाई 2012। युनाइटेड किंगडम की पारकिनसंज डिजीज सोसाइटी का कार्यकारी नाम पारकिनसंज यूके है। एक ऐसी परोपकारी संस्था जो इंग्लैंड और वेल्ज (258197) और स्कॉटलैंड (SC037554) में पंजीकृत है।